भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-1290
उत्तर देने की तारीख-27/07/2026

नवोदय विद्यालयों में छात्रावास का निर्माण

†1290. **श्री रामभुआल निषादः**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में विगत तीन वर्षों के दौरान शुरू किए गए नवोदय विद्यालयों में छात्रावासों के निर्माण का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और वर्ष-वार तथा विशेषकर उत्तर प्रदेश में जिलेवार ब्यौरा क्या है;
(ख) आज की तिथि के अनुसार उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर जिले स्थित नवोदय विद्यालय में छात्रावास निर्माण की वर्तमान स्थिति क्या है;
(ग) क्या सुल्तानपुर स्थित उक्त छात्रावास का निर्माण कार्य पूरा हो गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा यदि नहीं, तो इसमें विलंब के क्या कारण हैं; और
(घ) उक्त निर्माण कार्य के कब तक पूरा हो जाने की संभावना है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) से (घ): छात्रावासों सहित स्थायी नवोदय विद्यालय (नवि) भवन का निर्माण एक सतत् प्रक्रिया है, जो उपयुक्त भूमि की पहचान करने, प्रायोजक प्राधिकारियों द्वारा नवोदय विद्यालय समिति (नविस) के पक्ष में पट्टे की औपचारिकताओं को पूरा करने, निर्माण एजेंसी द्वारा रेखाचित्र/अनुमान प्रस्तुत करने, निधियों की उपलब्धता और अपेक्षित अनुमोदन आदि के साथ-साथ विद्यालय के लगातार विकास पर निर्भर करता है।

नवोदय विद्यालयों का निर्माण छात्रों की वृद्धि और अवसंरचना के कुशल उपयोग के अनुसार तीन चरणों अर्थात् चरण-क, चरण-ख और चरण-ख (शेष) में किया जाता है। चरण क के तहत - स्कूल भवन, रसोई भोजन, आंशिक शयनगृह और आंशिक स्टाफ क्वार्टर का निर्माण किया गया है। चरण ख के अंतर्गत आंशिक शयनगृह और स्टाफ क्वार्टर और चरण ख (शेष) में बचे हुए शयनगृहों का निर्माण वास्तविक आवश्यकता के आधार पर किया जाता है। नविस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, उत्तर प्रदेश में, वर्ष 2023-24 में कांशीरामनगर (192 बिस्तर), हापुड़ (384 बिस्तर), शामली (192 बिस्तर), बदायूं (192 बिस्तर) और सुल्तानपुर (288 बिस्तर) जिलों में नवोदय विद्यालयों में छात्रावास/शयनगृह (बिस्तर) का निर्माण किया गया था। वर्ष 2025-26 के दौरान, जीबी नगर (24 बिस्तर) और सीतापुर-I (48 बिस्तर) में नवि में छात्रावास/शयनगृह (बिस्तर) का निर्माण शुरू किया गया है। इसके अलावा, उत्तर प्रदेश राज्य सहित ऐसे नवोदय विद्यालयों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा दिया गया है जहां देश में पिछले तीन वर्षों के दौरान छात्रावासों/शयनगृहों (बिस्तरों) का निर्माण शुरू किया गया है/पूरा कर लिया गया है/अनुलग्नक में दिया गया है।

*****

अनुलग्नक

नवोदय विद्यालयों में छात्रावास का निर्माण के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री रामभुआल निषाद द्वारा पूछे गए दिनांक 27.07.2026 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1290 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

पिछले तीन वर्षों के दौरान नवोदय विद्यालयों में शुरू किए गए/पूरे किए गए छात्रावासों/शयनगृहों (बिस्तरों) के निर्माण का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा

(i) वर्ष 2023-24

क्र.सं.	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र**	**शयनगृहों की संख्या (बिस्तर)**
1.	अरुणाचल प्रदेश	1056
2.	बिहार	192
3.	छत्तीसगढ	1824
4.	गुजरात	1728
5.	हिमाचल प्रदेश	192
6.	जम्मू एवं कश्मीर	2112
7.	कर्नाटक	288
8.	मध्य प्रदेश	480
9.	महाराष्ट्र	192
10.	मणिपुर	192
11.	मेघालय	288
12.	नागालैंड	288

13.	ओडिशा	240
14.	त्रिपुरा	384
15.	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	384
16.	उत्तर प्रदेश	1248
17.	पश्चिम बंगाल	480

(ii) वर्ष 2024-25

क्र.सं.	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र**	**शयनगृहों की संख्या (बिस्तर)**
1.	अरुणाचल प्रदेश	1248
2.	बिहार	384
3.	छत्तीसगढ	576
4.	दिल्ली	480
5.	गुजरात	384
6.	जम्मू एवं कश्मीर	1176
7.	झारखंड	840
8.	कर्नाटक	192
9.	मध्य प्रदेश	384
10.	महाराष्ट्र	192
11.	मेघालय	696
12.	त्रिपुरा	240
13.	पश्चिम बंगाल	384

(iii) वर्ष 2025-26

क्र.सं.	**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र**	**शयनगृहों की संख्या (बिस्तर)**
1	आंध्र प्रदेश	168
2	अरुणाचल प्रदेश	1632
3	असम	480
4	बिहार	480
5	छत्तीसगढ	336
6	दादरा नगर हवेली और दमन दीव	72
8	गुजरात	192
10	जम्मू एवं कश्मीर	192
11	झारखंड	312
12	कर्नाटक	96
13	मध्य प्रदेश	1464
14	महाराष्ट्र	168
15	मणिपुर	48

18	ओडिशा	1704
19	पांडिचेरी	24
20	पंजाब	48
21	सिक्किम	96
22	तेलंगाना	48
25	उत्तर प्रदेश	72

*****